कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा, मध्यप्रदेश
सतपुड़ा भवन, भोपाल—462004

क्रमांकः 2898 / 874 / आउशि / अकादमी / 2025 भोपाल, दिनांक 29 / 08 / 2025

प्रति,

प्राचार्य,
समस्त शासकीय / अनुदान प्राप्त अशासकीय / निजी अशासकीय महाविद्यालय,
मध्यप्रदेश।

विषय— भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 2025—26 के संचालन बावत्।

संदर्भ— प्रांतीय समन्वयक, भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा, गायत्री शक्तिपीठ, महाराणा प्रताप नगर, भोपाल का प्राप्त पत्र क्रमांक 75 / भा.सं.ज्ञा.प. / प्रान्तीय / 2025—26, दिनांक 25.06.2025

—0—

उपरोक्त विषयांतर्गत संदर्भित पत्र के परिप्रेक्ष्य में अवगत होना चाहें कि भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा, गायत्री शक्तिपीठ, महाराणा प्रताप, नगर भोपाल द्वारा छात्रों में नैतिक, चारित्रिक एवं सांस्कृतिक नवनिर्माण तथा भारतीय संस्कृति के विकास के लिये प्रयास हेतु मध्यप्रदेश में महाविद्यालय स्तर पर भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा वर्ष 2025 में दिनांक 07.11.2025 (शुक्रवार) को 12 बजे से 01 बजे तक आयोजित की जायेगी।

अतः उपरोक्त संबंध में आपको निर्देशित किया जाता है कि दिनांक 07.11.2025 को अपने महाविद्यालय में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा आयोजित करने में सहयोग प्रदान करते हुए महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को इस परीक्षा में भाग लेने हेतु प्रोत्साहित किया जाए। इस हेतु महाविद्यालय के सूचना पटल पर परीक्षा की जानकारी चस्पा करते हुए समाचार पत्रों के माध्यम से प्रचार—प्रसार किया जाए जिससे अधिक से अधिक विद्यार्थी परीक्षा हेतु आवेदन कर सकें। निर्देशानुसार परीक्षाओं में शामिल होने के लिए विद्यार्थियों से किसी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाए। विगत वर्षो की भाँति इस वर्ष भी विद्यार्थी को परीक्षा की तैयारी हेतु गायत्री शक्तिपीठ द्वारा एक पुस्तिका (कीमत रूपये 50 / —) उपलब्ध करवाई जाती है।

इस सम्बंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त करने हेतु श्री एस. आर. चौधरी ( मो.नं. 9993049109) प्रांतीय संयोजक एवं श्री के.एल.पटेल ( मो.नं. 9425419941) सह संयोजक, भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा, भोपाल से संपर्क किया जा सकता है।

(आयुक्त,उच्च शिक्षा द्वारा अनुमोदित)

29/8/25

( डॉ0 धीरेन्द्र शुक्ल )
विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी
उच्च शिक्षा मध्यप्रदेश भोपाल

पृ. क्रमांक 2899 / 874 / आउशि / शा—5'अ' / 2025 भोपाल, दिनांक 29 / 08 / 2025

प्रतिलिपि—

1. स्टॉफ ऑफिसर, अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, भोपाल।
2. निज सहायक, आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, सतपुड़ा भवन, भोपाल, मध्यप्रदेश।
3. समस्त, क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा, म.प्र. की ओर सूचनार्थ।
4. प्रान्तीय संयोजक, भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा, गायत्री शक्तिपीठ, महाराणा प्रताप नगर, भोपाल की ओर सूचनाथ।
5. सह संयोजक, भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा, गायत्री शक्तिपीठ, महाराणा प्रताप नगर भोपाल की ओर सूचनाथ।

विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी
उच्च शिक्षा मध्यप्रदेश भोपाल